हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025



# 3 जिलों में 26 हजार मृतक, 5599 वोटरों का दो विधानसभा में था नाम

## अब 18 दिसंबर तक गणना प्रपत्र जमा करने की अवधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के दर्जनभर राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया की अवधि प्रदेश में सात दिनों के लिए और बढ़ा दी गई है। हालांकि अविभाजित जिले की सभी छह विधानसभा में सौ फीसदी लोगों के डाटा डिजीटलाईजड किए जा चुके हैं। इनमें तीन जिलों में जहां 26 हजार मतदाता मृत पाए गए। वहीं 5599 मतदाताओं के नाम एक से अधिक विधानसभा में भी मिले। वहीं तीन जिलों में कुल 90 हजार मतदाताओं ने फार्म जमा नहीं किए। इनमें मृत मतदाता भी शामिल है। ऐसे में बीएलओ स्तर के अधिकारियों ने इन मतदाताओं के डिजीटल डाटा में रिमार्क कर अपना काम पूरा कर लिया है।

हालांकि निर्वाचन आयोग की तरफ से प्रदेश के लिए आगामी 18 दिसंबर तक के लिए गणना प्रपत्र जमा करने की अवधि में इजाफा कर दिया गया है। इस अवधि में इजाफा किए जाने के चलते प्रारंभिक सूची के प्रकाशन की भी तारीख बदल गई है। अब 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। जिसके बाद ही दावा-आपत्ति एवं उनके निराकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। ज्ञात हो कि जिले में पिछले चार नवंबर से गणना प्रपत्र जमा करने का कार्य किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जिले के सभी 840 बूथ में एक-एक बीएलओ के अलावा पटवारियों, मितानिनों व समूह की महिलाओं के रूप में अब लगभग ढाई सौ अतिरिक्त मानव संसाधन को इसमें सहायता के लिए लगाया गया है।

**खास बातें**

- फार्म नहीं जमा करने वाले वोटर का कट जाएगा मतदाता सूची से नाम
- तीनों जिलों में डाटा डिजीटल करने का काम हो गया पूरा



### 43240 मतदाता शिफ्ट

तीन जिलों में कुल 43240 मतदाता दूसरे विस में शिफ्ट हो गए हैं। इनमें राजनांदगांव जिले के 27612, केसीजी जिले के 7741 और एमएमसी जिले के 7887 वोटर्स शामिल हैं। वहीं नांदगांव जिले में 11574, केसीजी जिले में 1304 और एमएमसी जिले में 1947 मतदाता घर पर नहीं मिले या उनका अस्तित्व ही नहीं मिला। जिसके चलते बीएलओ ने इन मतदाताओं के डाटा में अनुपस्थित एंट्री दर्ज कर डाटा डिजीटलाईजड कर दिया है।

### तीनों जिलों में काम पूरा

एसआईआर के तहत मतदाताओं से गणना प्रपत्र जमा कराने का काम अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिलो में शत-प्रतिशत कर लिया गया है। राजनांदगांव जिले में कुल मतदाता की संख्या 835910 थी। एमएमसी जिले में 174001 और केसीजी जिले में 226743 मतदाता थे। इनमें राजनांदगांव जिले में 57724, एमएमसी जिले में 14937 और केसीजी जिले में 17619 मतदाताओं के फार्म जमा नहीं हुए हैं। शेष सभी के फार्म बीएलओ तक पहुंच चुके हैं।

### 23 को आएगी सूची

निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाते आगामी 18 दिसंबर तक कर दिया गया है। नए कार्यक्रम के मुताबिक 23 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 23 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सुनवाई और सत्यापन की प्रक्रिया सात फरवरी तक पूरी की जाएगी। इसके बाद आगामी 14 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

# कोचियों से सांठगाठ, खाद्य निरीक्षक मिश्रा सस्पेंड

## लापरवाही पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की संचालक ने डोंगरगढ़ खाद्य निरीक्षक रहे सिद्धांत मिश्रा को सस्पेंड कर दिया है। उनके खिलाफ सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने के चलते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के तहत एक्शन लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने उनको डोंगरगढ़ खाद्य निरीक्षक के पद से हटाया था। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार श्री मिश्रा के खिलाफ कोचियों से सांठगांठ होने के प्रमाण प्रशासन को मिले थे। यही कारण है कि पहले जिला प्रशासन और अब प्रदेश स्तर से उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

गौरतलब है कि कलेक्टर जितेन्द्र यादव धान खरीदी में पारदर्शिता बरतने सख्त निर्देश दिए हैं। जिसके तहत लगातार जिले की सोसायटियों में जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है।

### छूटे खसरों को जोड़ने 15 तक लगेंगे शिविर

**मोहला।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत कृषकों के ऐसे खसरे जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत थे, वह कैरी फारवर्ड हो गए हैं, परंतु वह समस्त खसरे एग्रीस्टेक में फार्मर आईडी के साथ लिंक नहीं है। किसानों को धान विक्रय में सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने छूटे हुए खसरे को एग्रीस्टेक पोर्टल में यूएफआर के माध्यम से जोड़ा जाना तय किया है, ताकि समिति स्तर पर सभी खसरे धान खरीदी हेतु उपलब्ध हो सके। जिले में लंबित खसरों की संख्या 5 हजार 617 है।




## आत्मसमर्पण के बाद डंप जब्त होने से पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**लमरा में पुलिस की दबिश**

# जंगल में मिला नक्सली डंप, वर्दी रायफल व विस्फोटक का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पुलिस बल द्वारा चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत लमरा के जंगल में दो स्थानों पर नक्सली डंप मिली है। जिसमें रायफल सहित कई सामग्रियां बरामद की गई है।

ज्ञात हो कि जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस को गत दिवस बड़ी सफलता मिली थी। जिसमें एमएमसी जोन सीसी मेंबर रामधेर सहित 12 ईनामी नक्सलियों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष हथियार सहित आत्मसमर्पण कर दिया था। बताया गया कि पुलिस का नक्सल उन्मूलन अभियान और भी तेज कर दिया है।

जिसके तहत लमरा जंगल में दो स्थानों से भारी मात्रा में नक्सली डंप सामग्री बरामद की गई है।



पुलिस के अनुसार नक्सलियों के डंप में इंसास एलएमजी रायफल-1 नग, 303 रायफल-2 नग (58 जिंदा राउंड), 12 बोर गन-1 नग (25 राउंड), बीजीएल-1 नग ( 5 सेल में 4 जिंदा एवं 1 खाली), वर्दी कपड़े-2 सेट, पोच-2 नग, पिट्ठू-2 नग, तिरपाल, मेडिकल सामग्री, नक्सली सहित्य एवं अन्य सामग्रियां बरामद की गई है।

### डंप में छिपाकर रखे थे सामान

बताया गया कि पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर उनके द्वारा थाना बकरकट्टा अंतर्गत लमरा जंगल में दो स्थानों पर नक्सलियों द्वारा डंप छुपाकर रखने की जानकारी दी गई थी। सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने तत्काल सघन तलाशी अभियान चलाया और दो अलग-अलग स्थानों में मिट्टी के नीचे छुपाकर रखे नक्सलियों की भारी डंप में हथियारों, विस्फोटकों और दैनिक उपयोग की सामग्रियों का बड़ा जखीरा बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है।

### आत्मसमर्पण के बाद अभियान तेज

पुलिस के अनुसार राजनांदगांव रेंज में नक्सलियों के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे व्यापक और सघन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। 8 दिसंबर को एमएमसी जोन के एक करोड़ पांच लाख रुपए के ईनामी नक्सली सीसी मेंबर रामधेर समेत 12 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया था।

# हाईवे में कार-पिकअप में भिड़ंत

**राजनांदगांव।** शहर के नेशनल हाईवे रामदरबार के पास बुधवार को दोपहर एक मोपेड सवार कार के सामने आ गई, जिसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पास से गुजर रही पिकअप से जा टकराई। इस भयंकर हादसे में तीन लोगों के घायल होने की खबर है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार दोपहर एक कार रामदरबार



चौक के पास फ्लाई ओवर से उतर रही थी। इसी दौरान एक मोपेड सवार सामने आ गया, जिसे ठोकर मारने के बाद कार अनियंत्रित हो गई और गोल घुमते ⏩ शेष पेज 12 पर






## खबर संक्षेप

### सांगिनकछार मड़ई 21 को

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम सांगिनकछार में 21 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। दूसरे दिन 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से छन्नू मन्नू नाच पार्टी निपनी का कार्यक्रम रखा गया है। यहां जानकारी जितेन्द्र सिन्हा ने दी।

### शहीद नारायण सिंह को किया याद

**चिचोला।** प्राथमिक शाला बजरंगपुर में शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक एवं बच्चों ने अपने विचार साझा किए। सोनाखान के जमींदार वीर नारायण सिंह सच्चे प्रजापालक,दयालू तथा न्यायप्रिय थे। वह अंग्रेजों से अंतिम समय तक लड़ते रहे। अंग्रेजों ने 10 दिसम्बर 1857 को रायपुर के जय स्तंभ चौक में फाँसी की सजा दिया था। इस अवसर पर प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, हुमनसिंह पिस्दा, गजेंद्र चौधरी उपस्थित थे।

### राजमिस्त्रियों को 30 दिवसीय प्रशिक्षण

**छुरिया।** खोभा में रूरल मेसन प्रशिक्षण का आरंभ किया गया है। मनरेगा



श्रमिकों और युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 30 दिवसीय रूरल मेसन प्रशिक्षण का आयोजन आरसेटी राजनांदगांव, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं जनपद पंचायत के सहयोग से किया गया है जिसमें 35 प्रतिभागी शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर भुनेश्वर नाग द्वारा प्रतिभागियों को ईंट एवं पत्थर चिनाई, प्लास्टरिंग,टाइल, फर्श बिछाना, छत ढलाई एवं कंक्रीट मिश्रण वॉटर प्रूफिंग आदि की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों को निःशुल्क ड्रेस, टूलकिट एवं भोजन की सुविधा प्रदान की जा रही है।

### हक और कर्तव्य के प्रति रहें सजग

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में गत दिनों प्राचार्य डॉ अंजना



ठाकुर के निर्देशन में विश्व मानवाधिकार मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं और स्टाफ को मानव अधिकार की शपथ दिलाई। प्राचार्य ने मानव अधिकार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और वर्तमान में हो रहे मानवाधिकारों के हनन पर चिंता जाहिर करते हुए प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के प्रति प्रति सजग रहने प्रेरित किया। कार्यक्रम में देवयानी, पूजा धनकर, रितु ने भाग लेकर अपने विचार रखे। अतिथि व्याख्याता ज्ञानेश्वर देवांगन ने मानव अधिकारों की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन शुभि जैन ने किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता, चांदनी पराते,योगिता ठाकुर, कंचन साहू, ओम प्रकाश सहारे, मोनीश खान, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू आदि उपस्थित थे।

### वार्षिकोत्सव के आयोजन पर बैठक में चर्चा

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर की



अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनभागीदारी अध्यक्ष टामेश्वर साहू, सदस्य ललिता टांडेकर, चंद्रकला सोनकर, प्राचार्य रमेश चौधरी, ओमकार सोनकर आदि शामिल हुए। बैठक में आगामी शिक्षा सत्र में छात्रों के प्रवेश तथा इस माह को होने वाले वार्षिक उत्सव एवं पदक वितरण की व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन एवं आभार व्यक्त अतिथि व्याख्याता शुभि जैन ने किया। बैठक में डॉ काव्या जैन, डॉ संजू सिंह, ओमप्रकाश सहारे, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, हिमानी साहू, मोनिश खान आदि भी शामिल हुए।

### नगर की बेटी बनीं डॉक्टर



**डोंगरगढ़।** डॉ अशोक ताम्रकार की पुत्री डॉ शुभि ताम्रकार एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में दिग्दर्शक टीचर के रूप में सेवाएं दे रही है। वह नेरूल मुंबई में लाईफ स्टाईल मेडीसीन एक्सपर्ट एवं पोषण विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ है। नगर में प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने के बाद चिकित्सा महाविद्यालय भिलाई से एमबीबीएस किया। डीवाई पाटिल स्कूल ऑफ मेडिसीन एवं विवि से एमडी किया।

### सिक्ख क्रिकेट टूर्नामेंट 13 तक

**डोंगरगढ़।** जोड़ मेला सिक्ख युथ वेलफेयर सोसाइटी ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सिक्ख एजुकेशन सोसाइटी, स्त्री सत्संग के सहयोग से खालसा



प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 6 का आयोजन किया है। यह प्रतियोगिता आगामी 13 दिसम्बर तक खालसा स्कूल ग्राउंड में होगी। स्पर्धा में सिक्ख समाज के बच्चो, युवा और बुजुर्गों की टीम शिरकत कर रही है। इस आयोजन के दौरान सिक्ख कल्चर से जुड़े रोचक मुकाबले भी करवाए जा रहे है जिसमे छोटे छोटे बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। दर्शकों के सिक्ख इतिहास से जुड़े सवालों के जवाब देने पर गिफ्ट दिया जाता है।

## निधन



### विनय शंकर बड़वाईक

**डोंगरगढ़।** स्थानीय निवासी विनय शंकर बड़वाईक का 53 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह सुधाकर बडवाईक के पुत्र एवं ऋषि बड़वाईक के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर बडवाईक परिवार सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### निर्माण के चलते आ रही समस्या, आहाता तोड़ने की मांग

# पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, ठंड के दिनों में गहराया जल संकट

## झुग्गी बस्ती के लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर के वार्ड 4 में कब्रिस्तान के पीछे झुग्गी बस्ती में इन दिनों गंभीर पेयजल समस्या खड़ी हो गई है। नागरिकों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने जल्द समस्या के निराकरण की मांग की है। डब्ल्यूटीपी निर्माण के लिए यहां ठेकेदार ने आहाता बना दिया है जिससे क्षेत्र के लोगों को पानी के लिए एक किमी घुमकर आना जाना पड रहा है। नागरिकों ने दीवाल तोडने या अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार वार्ड 4 में एक सप्ताह से लोगों को सुबह शाम पानी के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। पार्षद दिलीप कुभंकार ने बताया कि निर्माणाधीन डब्ल्यूटीपी की सुरक्षा के लिए यहां आहाता बनाया जा रहा है। अभी डब्ल्यूटीपी का काम पूर्ण नही हुआ है इसलिए लोगों ने आहाता के एक हिस्से को तोड़ कर आवागमन के लिए खुला रखने की मांग की है ताकि पानी के लिए कठिनाईयों का सामना न करना पडे। वही ठेकेदार समय सीमा में काम पूर्ण करने एवं डब्ल्यूटीपी की सुरक्षा के लिए आहाता को आवश्यक बता कर दीवाल तोड़ने तैयार नहीं है जिससे वार्डवासियों और ठेकेदार के मध्य टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सीएमओ विजय पांडेय ने शासकीय कार्य बताकर दीवाल तोडने से इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार स्टीमेंट के अनुरूप कार्य कर रहा है वह बिना अनुमति के तोड़फोड नहीं करा सकते।



### जल्द पाईप लाइन बिछाने के निर्देश

नगर में 11 करोड़ की लागत से जल आवर्धन योजना का कार्य प्रगति पर है। योजना के तहत 35 किमी नया पाईप लाईन बिछाया जाना है। इसके अलावा डब्ल्यूटीपी एवं इंटेकवेल का निर्माण कार्य किया जाना है। अध्यक्ष ने ठेकेदार को समय सीमा में पाईप लाईन बिछाने के कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्य गर्मी से पूर्व ही पूरा करा लिया जाए।

### कनेक्शन टूटने से हर दिन हंगामा

नगर के मुख्य मार्ग में पखवाडे भर से नई पाईप लाईन डाली जा रही है। पाईप लाईन के लिए खोदी जा रही सडक से पुरानी पाईप लाईन से गए नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो रहे है जिससे हर दिन हंगामा की स्थिति बन रही है। गांधी चौक के बाद बजरंग चौक में विवाद की स्थिति निर्मित हुई है। वार्ड 14 के व्यवसायी राजकिशोर गुप्ता ने ठेकेदार पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार अदूरदर्षितापूर्ण कार्य कर रहा है जिससे लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### नया कनेक्शन देने का निर्देश

वार्ड 4 के झुग्गी इलाके में पानी की समस्या और विवाद को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मंगलवार को मौका मुआयना किया। उन्होंने वार्डवासियों से चर्चा कर आश्वासन दियश्कि जल्द ही समस्या का निराकरण किया जाएगा। नगर अध्यक्ष ने फिल्टर प्लांट के ठेकेदार और सीएमओ को निर्देश दिया कि यहां नए कनेक्शन के लिए नई पाईप लाईन बिछाया जाए जिससे लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पडे। उन्होंने कहा कि लोगों को पानी पिलाना पहली प्राथमिकता है यदि नए नल कनेक्शन से समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो अन्य विकल्प तलाशा जाएगा।

## श्रमिक संघ की आड़ में फर्जीवाड़ा की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

- गृहमंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल

आदिवासी नेता मानसिंह टेकाम के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों गृहमंत्री से मुलाकात किया। आदिवासी नेता ने बताया कि श्रमिक संघ की आड़ में लाखों का फर्जीवाड़ा किया जा रहा है जिसकी जांच होना चाहिए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री टेकाम ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा श्रमिक संघ की आड़ में बाहरी ट्रकों को आर्थिक लाभ दिया जा रहा है जबकि संगठन के पास पर्याप्त ट्रक होने के बाद भी अनदेखा किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि लगभग 6 वर्षों से नवीनीकरण नहीं हुआ है साथ ही फर्जी पर्चियों का इस्तेमाल लोडिंग में किया जा रहा है। इस संबंध में जिलाधीश और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई है। गृहमंत्री ने आवेदन का अवलोकन कर जिलाधीश को जांच और फर्जीवाड़ा करने वालो पर कार्यवाही करने कहा। इस दौरान बब्बू चंडाक, रेखा कोठारी, अंजलि दर्रो, घनश्याम, देवप्रसाद सलामे एवं ट्रक मालिक उपस्थित थे।

### कांग्रेस अध्यक्षों ने किया देवी दर्शन



**डोंगरगढ़।** जिला इंका ग्रामीण के नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन यादव एवं शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने यहां पहुंच कर मां बमलेश्वरी के दर्शन किए। इस दौरान नपा के पूर्व अध्यक्ष धीरज मेश्राम, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, अनिल गट्टानी, हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया, अनिल मेश्राम, संजय यादव, मतीन खान, प्रमोद टेम्बुरकर, सुरेश सिन्हा, जितेंद्र भाटिया, शिशुपाल भारती, अनिल मेश्राम, पल्टू लहरे, ललिता साखरे, ममता शिंदे, निधि, सुनील नागदेवे, चंद्रशेखर बोरकर, सुरेंद्र अंबादे, सुमित खोबरागड़े आदि उपस्थित थे।

## डिकिंसन की रचनाओं पर चर्चा




**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने महान कवियत्री एमिली डिकिंसन की जयंती मनाया। कार्यक्रम में अंग्रेजी तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने एमिली डिकिंसन के जीवन, साहित्यिक शैली तथा प्रमुख कविताओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ. नीता राजपूत ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है और डिकिंसन की कविताएँ आज भी प्रासंगिक संदेश देती हैं। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष गुलशन सिन्हा ने बताया कि एमिली डिकिंसन ने अपनी कविताएँ रुचि और आत्म संतुष्टि के लिए लिखी थीं। उनके निधन के बाद उनकी बहन ने रचनाओं को संकलित और प्रकाशित कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सपना परिहार तथा आभार प्रदर्शन झरना साहू ने किया।

## विस अध्यक्ष से मिले नक्सल पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़




जिला के नक्सल पीड़ित परिवारों ने 8 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर पुनर्वास योजना का लाभ नहीं मिलने की जानकारी देते हुए लाभ दिलाने का निवेदन किया। पीड़ित परिवारों की समस्या सुनकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने 15 दिवस के भीतर सभी परिवारों को आर्थिक सहायता, नौकरी, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिया। नक्सल पीड़ित धीरेन्द्र साहू ने बताया कि नक्सल पुनर्वास नीति के तहत नौकरी या 15 लाख, जमीन, प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने का प्रावधान है। धीरेन्द्र ने बताया कि कलेक्टर ने आर्थिक सहायता के लिए सचिव गृह मंत्रालय को पत्र प्रेषित कर मार्गदर्शन माँगा हैं लेकिन 6 माह बाद भी मार्गदर्शन नहीं दिया हैं।

## 22 महीनों में साढ़े 11 हजार मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अब मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। जिले में पिछले 22 महीनों में अद्वितीय सफलता हासिल की है। इस अवधि में जिले में 11 हजार 805 मीट्रिक टन मत्स्य उत्पादन हुआ। जिससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि हुई है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। इन योजनाओं के तहत किसानों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, अनुदान राशि प्रदान की गई और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कई पहल की गई। इसके परिणामस्वरूप जिले में स्पॉन उत्पादन 2.10 करोड़ और मत्स्य बीज संचयन 2.94 करोड़ तक पहुँच चुका है।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत, मछुआरों और मत्स्य पालकों को बुनियादी सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों और वित्तीय सहायता के माध्यम से सशक्त बनाया जा रहा है। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में 146 हेक्टेयर में नवीन तालाब निर्माण, मोंगरा जलाशय में केज कल्चर की स्थापना और दो हितग्राहियों को जीवित मछली विक्रय के लिए पिकअप वाहन प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा 2 हजार 826 मछुआरों को मत्स्यजीवि दुर्घटना बीमा योजना का लाभ भी मिल चुका है, जिससे उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

### साठ फीसदी तक अनुदान

इस सफलता को और भी मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं को 60 प्रतिशत तक की अनुदान राशि दी जा रही है। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड और सेविंग कम रिलीफ योजना के माध्यम से 3 हजार से अधिक मत्स्य पालकों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव आया है।



### वासड़ी में नई हेचरी

जिले में मानपुर के ग्राम वासडी में एक नई हेचरी का निर्माण किया जा रहा है, जिससे मत्स्य उत्पादन में और भी वृद्धि की उम्मीद है। योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से अब मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट उदाहरण बन चुका है, जो प्रदेश की नीली क्रांति को मजबूती प्रदान कर रहा है।

## स्वयंसेवकों ने गांव में की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर

- ठाकुरटोला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

स्थानीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा - ठाकुरटोला में आयोजित सात दिवसीय शिविर अंतर्गत तीसरे दिन स्वयं सेवकों ने गांव के चौक चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाया। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि कार्यक्रम समन्वयक जनेंद्र दीवान, विशिष्ट अतिथि डॉ रजनीश उमरे, अधिवक्ता योगेश पाण्डेय, प्राचार्य डॉ आर के ठाकुर शामिल हुए। प्राचार्य डॉ ठाकुर ने स्वयं सेवको को समाज में नशा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने प्रेरित किया। अधिवक्ता पाण्डेय ने कहा कि संविधान ने हमे अधिकार दिए हैं जिसकी सभी को जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने मौलिक अधिकारों की जानकारी देते हुए कर्तव्यों का बोध कराया।

डॉ रजनीश उमरे ने कहा कि स्वयं सेवक कर्तव्य एवं अनुशासन से बच्चों एवं लोगों को जागरूक करते। श्री दीवान ने रासेयो के उद्देश्य एवं लक्ष्यों की जानकारी दी। अंत में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी अरुण साहू ने किया गया। इस दौरान प्रो बीआर चंद्रवंशी, सुभाष ठाकुर, कामिनी वर्मा, ज्योति वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जीव दया और मानवता के लिए किया प्रेरित

## संत समागम में शामिल हुए उदित मुनि साहब

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



धर्म नगरी दामाखेड़ा से 16 वें वंश प्रताप आचार्य पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब का आगमन बुधवार को नगर में पहली बार हुआ।

हुजूर साहब ने सर्वप्रथम अछोली स्थित कबीर कुटी पहाड़ी में निशान पूजा किया। यहां से वह बाइक रैली एवं शोभायात्रा के साथ सभा स्थल पहुंचे। सदगुरु कबीर धनी धर्मदास साहब की आरती कर फूलमाला अर्पित किया। पंथ हुजूर उदित मुनि नाम साहब ने इस मौके पर जीव दया, आत्म पूजा पर जोर दिया। उन्होंने कबीर पंथियों को एक जुट करने व सद्गुरु कबीर साहब के मार्ग में चलने प्रेरित किया।

जीवों पर दया करने और मानव को एकजुट होकर मानवता दिखाते हुए समाज को एकजुट करने पर जोर दिया।

उन्होंने मांस, मदिरा का सेवन नहीं करने की बात कही। इस दौरान उत्तम साहेब, नंदकिशोर साहेब, महेश साहेब, नेमूचंद साहेब, प्रकाश साहेब, यादराम साहेब, लूमन साहेब आदि मौजूद थे।

## कचारगढ़ का शैक्षिक भ्रमण



- पालिका अध्यक्ष ने छात्रों से की मुलाकात

**डोंगरगढ़।** घुमका महाविद्यालय के छात्रों ने कचारगढ़ का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मुलाकात कर छात्रों से हालचाल पूछा और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सर्फु, दीपक ठाकुर, सुभाष यादव अनमोल बागड़े आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### शहादत दिवस पर संगोष्ठी

**डोंगरगढ़।** अंबेडकर विद्यालय बछेराभांठा में शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद नारायण सिंह को 10 दिसंबर 1857 को रायपुर के जयस्तंभ चौक में फांसी दी गई थी। शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शिक्षकों ने उनके कार्य आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### मनाई गई गीता जयंती



**छुईखदान।** समग्र ब्राह्मण मातृ शक्ति परिषद जिला छत्तीसगढ़ की छुईखदान इकाई द्वारा नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में गीता जयंती का उत्सव बड़े हर्षोल्लास और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। मातृ शक्ति की बहनों ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त गीता ज्ञान के श्लोकों का सामूहिक पठन किया। कार्यक्रम में गीता की विधिवत पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन तथा प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी जिला सचिव श्रीमती स्वाति शर्मा एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती बिंदु तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि परिषद की बहनों ने श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रूपा उपाध्याय, जिला संगठन प्रमुख श्रीमती शैल शर्मा, अर्चना दुबे, श्यामा तिवारी, मीना तिवारी, अंजू तिवारी, गायत्री तिवारी, रेणु त्रिपाठी, सीमा मिश्रा, श्रीमती उर्मिला वैष्णव, श्रीमती बिना सोनी, श्रीमती भावना शर्मा तथा नगर की अनेक महिलाएं उपस्थिति रही। गीता जयंती का यह पावन आयोजन मातृ शक्ति परिषद की आध्यात्मिक निष्ठा और सांस्कृतिक संकल्प का सुंदर उदाहरण रहा।

## निधन

### वंदना भदौरिया



**राजनांदगांव।** रिद्धी-सिद्धी कालोनी फेस-1 के सचिव गोल्डी भदौरिया की पत्नी श्रीमती वंदना भदौरिया का गुरुवार को प्रातः देहावसान हो गया। वे 38 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय लखोली मुक्तिधाम में किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए कालोनीवासियों सहित ईष्ट मित्रों ने श्रद्धांजलि दी और परिजनों को इस दुखद घड़ी में धैर्य प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

---

### किसान और प्रबंधन के बीच आए दिन कहा-सुनी और मनमुटाव

# धान खरीदी लिमिट कम होने से किसान परेशान, उठाव भी शून्य

## ऑनलाइन एप में आ रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सेवा सहकारी समिति गंडई में धान खरीदी की धीमी रफ्तार और प्रशासन द्वारा खरीदी लिमिट में अपेक्षित वृद्धि नही किए जाने के कारण न केवल 1922 पंजीकृत किसान गहरे संकट में हैं, बल्कि समिति प्रबंधन भी भारी दबाव का सामना कर रहा है। वर्तमान में खरीदी गई धान का उठाव बिल्कुल न होने से समिति परिसर में धान का पहाड़ खड़ा होने लगा है, जिससे जाम होने की स्थिति बन गई है।

### लिमिट और तुहार टोकन में विफलता

समिति प्रबंधन की पिछली हड़ताल के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दैनिक खरीदी लिमिट 2196 क्विंटल निर्धारित की गई थी। प्रबंधन की वापसी के बाद यह लिमिट बढ़ाकर 3000 क्विंटल की गई थी, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि वर्तमान में यह निर्धारित 3000 क्विंटल लिमिट भी ऑनलाइन टोकन में कट नहीं पा रही है। किसान जब तुहार टोकन ऐप के माध्यम से टोकन काटने का प्रयास करते हैं, तो एक साथ हजारों की संख्या में किसान के जुड़ने से ऐप या तो खुल नहीं पाता या चंद मिनटों के लिए खुलकर बंद हो जाता है। इधर समिति के पास भी लिमिट न होने के कारण वे किसानों को ऑफलाइन टोकन जारी नहीं कर पा रहे हैं। इस गतिरोध के कारण समिति परिसर में किसान और प्रबंधन के बीच आए दिन कहासुनी और मनमुटाव जैसी तनावपूर्ण स्थितियाँ उत्पन्न हो रही हैं, जिससे खरीदी केंद्र का माहौल हर दिन गर्म हो रहा है।



### लक्ष्य से कोसों दूर खरीदी

समिति से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार अब तक 653 किसानों से 35865 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। लेकिन चिंताजनक आंकड़ा यह है कि लगभग 1922 किसान अभी भी अपनी उपज बेचने का इंतजार कर रहे हैं, जिनकी कुल अनुमानित मात्रा 101134 क्विंटल से अधिक है। समिति प्रबंधन ने बताया कि यदि यही हाल रहा तो धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक सभी किसानों का धान खरीदना असंभव हो जाएगा।

### अवकाशों के चलते और बढ़ा संकट

खरीदी बंद होने में अब लगभग 50 दिन ही शेष हैं। इसमें से लगभग 17 दिन शनिवार, रविवार और अन्य शासकीय पर्व के कारण अवकाश रहेगा। इस प्रकार किसानों को धान बेचने के लिए मात्र 32 कार्य दिवस ही उपलब्ध होंगे। यदि प्रतिदिन 3000 क्विंटल की वर्तमान लिमिट पर खरीदी की जाती है, तो इन 32 दिनों में अधिकतम 96000 हजार क्विंटल धान की ही खरीदी हो पाएगी। यह आंकड़ा अभी भी लंबित 1.01 लाख क्विंटल से अधिक धान की मात्रा को देखते हुए अपर्याप्त है।

### धान जाम से समिति पर बढ़ा संकट

समिति से अब तक एक बार भी धान का उठाव नहीं हुआ है। गोदाम और परिसर में लगातार धान की मात्रा जमा हो जाने से अब धान रखने की जगह नहीं बची है। यदि उठाव जल्द शुरू नहीं होता है तो समिति परिसर में धान जाम की गंभीर स्थिति निर्मित हो जाएगी, जिससे खरीदी को रोकना पड़ सकता है और खुले में पड़े धान के खराब होने का खतरा भी बढ़ जाएगा। सभी परेशानियों को देखते हुए किसानों ने तत्काल दैनिक खरीदी लिमिट को बढ़ाने और खरीदी केंद्र से धान का नियमित उठाव सुनिश्चित करने की मांग करते हुए प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की अपील की है।

---

# श्री सीमेंट फैक्ट्री पर घमासान ग्रामीणों के समर्थन में 'आप'



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

संडी क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट उद्योग परियोजना के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों का विरोध चरम पर है। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को ग्रामीणों के समर्थन में उतरते हुए, प्रेस क्लब गंडई में प्रेस वार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार और प्रस्तावित जनसुनवाई को खुली चुनौती दी।

आप के प्रदेश सचिव पवन चंद्रवंशी और लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी,कमलेश स्वर्णकार राजनांदगांव की अगुवाई में पार्टी ने कहा कि ग्रामीणों की मांगें जायज हैं। ग्रामीणों का स्पष्ट संदेश है हम अपनी जन्मभूमि को नहीं छोड़ेंगे। हम हर हाल में ग्रामीणों के साथ है। आप पार्टी के नेताओ ने बताया कि ग्रामीणों का कहना है कि यह उद्योग आने से खेती की जमीन बंजर हो जाएगी, लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा और आसपास का जलस्तर नीचे चला जाएगा।

### आप का सरकार पर सीधा हमला

आप नेताओं ने भाजपा को उद्योगपतियों की पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि कंपनी ने धोखे और गुमराह करके ग्रामीणों की कृषि योग्य भूमि खरीदी है। पार्टी ने यह भी कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ भेदभाव कर रही है। इस दौरान मोहला मानपुर प्रभारी चित्रा गुरुदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष, गंडई धनराज साहू सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## योजना का लाभ दिलाने शिविर आज

**डोंगरगांव।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी आम लोगों को देने और लाभान्वित करने कल 12 दिसंबर को शिविर का आयोजन किया गया है। सुबह 11 से चार बजे तक इंदिरा सांस्कृतिक भवन में शिविर रखा गया है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभ के लिए राशन कार्ड, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो और प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के लिए आधर कार्ड, बैंक पास बुक, पेन कार्ड, बिजली बिल के साथ शामिल हो सकते हैं। सीएमओ विनम्र जेमा से नगरवासियों से योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आव्हान किया है।

---

# अनिल पाल प्राचार्य पद पर पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर किया स्वागत



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान में शिक्षा के स्तर को नई दिशा देने वाले अनुभवी शिक्षक अनिल पाल ने प्राचार्य पद पर पदोन्नत होकर आज औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। उनके पदभार ग्रहण करते ही शाला परिवार में उत्साह का माहौल देखा गया। शिक्षक–शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा छात्राओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अनिल पाल ने एमए व एलएलबी तक की उच्च शिक्षा प्राप्त की है और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। मेहनती, अनुशासित और विद्यार्थी हितैषी स्वभाव के कारण वे छात्राओं के बीच विशेष लोकप्रिय हैं। अपने कार्यकाल में वे निरंतर शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने, नियमित कक्षाओं पर ध्यान देने और परिणाम आधारित अध्ययन पद्धति को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं।

### शाला में सकारात्मक माहौल होगा स्थापित

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष श्री पाल के मार्गदर्शन और शिक्षकों के सहयोग से कक्षा 12वीं की एक छात्रा ने जिला स्तरीय टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया था। इस उपलब्धि ने शाला की पहचान को और मजबूत किया तथा छात्रों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। पदभार ग्रहण करने के बाद अनिल पाल ने कहा कि वे शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, अनुशासन, सूचना-प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण और छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रगति शिक्षक–छात्र सहयोग से ही संभव है। हम सब मिलकर शाला को जिले की अग्रणी संस्थाओं में शामिल करने का प्रयास करेंगे। शाला परिसर में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में शिक्षक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था। छात्राओं ने भी अपने नए प्राचार्य के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि विद्यालय में नई शैक्षणिक ऊर्जा और सकारात्मक माहौल स्थापित होगा।

विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि श्री पाल के नेतृत्व में संस्था को एक नई दिशा मिलने की उम्मीद है। उनका मानना है कि विद्यार्थियों को केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित न रखते हुए, प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं, जीवन कौशल और व्यक्तित्व विकास की ओर भी प्रेरित किया जाएगा। शाला परिवार का कहना है कि प्राचार्य श्री पाल सदैव छात्राओं के सर्वांगीण विकास को महत्व देते आए हैं।

---

# धान खरीदी केन्द्रों में हमाली वसूली और अधिक तौलाई पर भड़की विधायक यशोदा

- विधायक ने पूरे मामले में रोक लगाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



प्रदेश के धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से जबरन हमाली शुल्क वसूले जाने को लेकर राजनैतिक हलचल तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निर्देश पर विधायक यशोदा वर्मा ने इस पूरे मामले पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

गौरतलब है कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने पत्र में बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 25-26 के लिए शुरू धान खरीदी के दौरान किसानों पर दो तरह का दबाव बनाया जा रहा है पहला उन्हें सोसायटी के बोरे में धान भरकर लाने को कहा जा रहा है और दूसरा 7.50 प्रति क्विंटल अथवा 3 रुपये प्रति कट्टा के हिसाब से नकद हमाली शुल्क देने को मजबूर किया जा रहा है।

किसानों का कहना है कि शुल्क दिए बिना धान स्वीकार ही नहीं किया जा रहा जिससे वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं। डॉ. महंत ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा बोरा भराई, तौल, सिलाई, छपाई, लोडिंग व स्टैकिंग जैसे सभी कार्यों के लिए 22.05 रुपया प्रति क्विंटल मंडी लेबर चार्ज पहले से ही निर्धारित किया गया है, जिसकी पूरी राशि राज्य सरकार की एजेंसियों को दी जाती है। ऐसे में किसानों से अलग से शुल्क वसूलना पूरी तरह अवैधानिक और अनैतिक है।

### शिकायत जांच के लिए किया स्थल निरीक्षण

नेता प्रतिपक्ष के पत्र और किसानों की शिकायत पर ब्लॉक के जालबांधा समिति सदस्यों के साथ विधायक श्रीमती वर्मा ने खरीदी केन्द्र पहुंची। निरीक्षण दौरान किसानों ने बताया कि कई जगहों पर बोरे का वजन 41 से 42 किलो तक लिया जा रहा है जिससे उनका सीधा नुकसान हो रहा है। मौके पर ही दर्जन भर से ज्यादा धान बोरे की तौल करवाने पर किसानों का आरोप सही पाया गया और ज्यादातर बोरे निर्धारित वजन से अधिक निकले जिसके चलते विधायक यशोदा वर्मा ने केंद्र कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि इस तरह की गड़बड़ी किसानों की मेहनत पर सीधा प्रहार और उनका आर्थिक शोषण है।

### किसानों का हित सर्वोपरि

किसानों से अवैध वसूली को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करने की बात के साथ विधायक श्रीमती वर्मा ने प्रशासन से मांग की हमाली शुल्क वसूली पर तुरंत रोक लगाने और खरीदी केन्द्रों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग साथ खरीदी केंद्रों मे कार्यरत कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने का निर्देश देते हुए कहा कि लगातार आने वाली शिकायत और मौका निरीक्षण यह प्रमाणित करता हैं कि खरीदी केंद्रों मे अवैध वसूली किसानों की जेब पर सीधा चोट किया जा रहा जो साय सरकार के समर्थन मूल्य व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गैंदलाल कुर्रे, जनपद सदस्य भूखन बंजारे, अशोक साहू, नरेश वर्मा, शुभम वर्मा, माधव बंजारे, खुमान वर्मा. रामेशर साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

---

# नाबालिक से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक नाबालिक को खजानी दिलाने के बहाने अपने घर ले जाकर हवस का शिकार बनाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 10 नवंबर को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसके नाबालिक भतीजा को आरोपी बलवंत सुखदेवे द्वारा खजानी दिलाने के बहाने जबर्दस्ती अपने साथ अपने मकान में ले जाकर कपड़े से मुंह को दबाकर दुष्कर्म किया गया। बताने पर जान से मारने की धमकी दिया है। रिपोर्ट पर धारा 137(2), 351(2) बीएनएस, 4(2) पाक्सो एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार इस मामले में चिखली पुलिस अलग-अलग टीम तैयार कर आरोपी की पतासाजी हेतु शिवनगर क्षेत्र में दबिश दी गई। आरोपी अपने मकान में ही कोने में छिपा होने मिलने पर अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी बलवंत राव उर्फ सुखदेवे 55 साल निवासी शिवनगर वार्ड नं. 4 द्वारा जुर्म स्वीकार करने एवं प्राप्त साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

---

# आयुक्त तारन प्रकाश सिन्हा ने किया मैदानी निरीक्षण, मनरेगा की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महात्मा गांधी नरेगा के आयुक्त एवं प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के संचालक तारण प्रकाश सिन्हा ने 11 दिसंबर को खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम जोरातराई और राज्यपाल गोद ग्राम सोनपुरी में संचालित योजनाओं का व्यापक निरीक्षण किया। मनरेगा कार्यों की जानकारी उन्होंने क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से ली। जिसकी उन्होंने सराहना की। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के अंतर्गत निर्मित आवासों का स्थल निरीक्षण करते लाभार्थियों कुमान/थानु, मानिक/रामा (जोरातराई), अमरौतिन/मंगल एवं सुकवारोबाई/ननकू यादव (सोनपुरी) को योजनाओं के बारे में बताया गया, ताकि अधिक से अधिक योजना का लाभ लिया जा सके।

### सोनपुरी में जनचौपाल, महिला समूहों से सीधा संवाद

ग्राम सोनपुरी में आयोजित जन चौपाल में आयुक्त सिन्हा ने महिला समूहों से सीधे संवाद कर क्लार्ट एप के माध्यम से ग्राम में निर्मित होने वाले ढांचों की जानकारी दी। मनरेगा योजना के तहत आजीविका डबरी निर्माण को आजीविका संवर्धन का महत्वपूर्ण साधन बताते ग्रामीणों को इस दिशा में अधिक कार्य करने प्रेरित किया। निरीक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल एवं सीईओ जनपद पंचायत खैरागढ़ हिमांशु गुप्ता मौजूद रहे।



### दल्ली में जन-मन आवास का अवलोकन

आयुक्त सिन्हा ने विकासखंड छुईखदान के विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) बाहुल्य ग्राम दल्ली (ग्राम पंचायत गोलरडीह) का दौरा कर जन-मन आवासों का निरीक्षण किया तथा हितग्राहियों से चर्चा की। मनरेगा से निर्मित कुआं निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। जिसके जल से हितग्राहियों द्वारा खेतों व बाड़ी में आलू, धनिया जैसी फसलों की सिंचाई की जा रही है। आयुक्त ने ग्रामीणों को जल संरक्षण तथा मानक आधारित कम से कम एक आजीविका डबरी निर्माण के लिए प्रेरित किया। ग्राम दल्ली में आयोजित चौपाल में उन्होंने हितग्राहियों की समस्याएं सुनी और मनरेगा के माध्यम से अधिकाधिक जल संरक्षण कार्य कराने के निर्देश दिए।

---

# सोनपुरी में 15 को प्लेसमेंट कैंप, कंपनियों में होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला रोजगार व स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव द्वारा राज्यपाल के गोदग्राम सोनपुरी में सोमवार 15 दिसंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में तीन प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा 143 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। आरोग्य हर्बल मैनेजमेंट दुर्ग द्वारा ऑफिस असिस्टेंट के 4, सेल्स एग्जीक्यूटिव के 28 और सेल्स वर्कर के 18 पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। इन पदों के लिए 18 से 45 वर्ष आयु तथा बारहवीं, स्नातक या समकक्ष शैक्षणिक योग्यता आवश्यक है। वेतनमान 10 से 18 हजार रुपये तक निर्धारित है।

सनसूर श्रृष्टि इंडिया प्राइवेट लिमिटेड राजनांदगांव द्वारा सेल्स मैनेजर के 33 पदों और बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर के 10 पदों पर चयन किया जाएगा। इन पदों पर 18 से 45 वर्ष आयु वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। वेतनमान 75 सौ से 45 हजार रुपये तक रखा गया है। इसी प्रकार एसआईएसएस प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 36 और सिक्योरिटी सुपरवाइजर केवल पुरुष के 14 पदों पर भर्ती की जाएगी।

उम्मीदवारों के लिए 22 से 50 वर्ष आयु और दसवीं/बारहवीं या स्नातक योग्यता अनिवार्य है। वेतनमान 12 से 17 हजार रुपये निर्धारित है। प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो और रोजगार पंजीयन कार्ड साथ लाना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना दुर्ग, राजनांदगांव सहित संबंधित कार्यस्थलों में की जाएगी।

कैंप आयोजन अधिकारी ने बताया कि आवेदकों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना होगा। इस संबंध में किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

---

# देवरसुर के जितेन्द्र का पुलिस विभाग में चयन

- पिता का साया उठने के बाद भी नहीं छोड़ी उम्मीद, जितेन्द्र बने पुलिसकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



अं. चौकी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम देवरसुर के युवा जितेन्द्र सलामे ने कठिन परिस्थितियों को मात देते छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में अपना स्थान बनाया है। उनकी इस सफलता पर क्षेत्र में खुशी की लहर है और शुभचिंतक उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।

जितेन्द्र के चाचा एवं शिक्षक अंगद सलामे ने बताया कि बहुत कम उम्र में ही उनके पिता स्व.कृपाराम सलामे की सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी। पिता के निधन के बाद घर की जिम्मेदारी मां, छोटी बहन और छोटे भाई का बोझ जितेन्द्र के कंधों पर आ गया। कठिन पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटे।

जितेन्द्र ने शुरू से ही पुलिस विभाग में जाने का सपना देखा था। पिछले पांच वर्षों से वे लगातार फिजिकल प्रैक्टिस और लिखित परीक्षा की तैयारी में लगे रहे। कई बार भर्ती में असफलता का सामना करने के बाद भी उन्होंने निरंतर प्रयास जारी रखा और अंततः इस बार सफलता हासिल की।

देवरसुर पंचायत की सरपंच सीमा कोर्राम ने जितेन्द्र की सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है। उन्होंने कहा कि मेहनत, धैर्य और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है और जितेन्द्र ने इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जितेन्द्र के चयन से देवरसुर गांव में उत्साह का माहौल है। उनके मित्र दिनेश मेश्राम, शुभम उईके, प्रवीण कुंजाम, केशव धुर्वा, फनीष मंडावी, संतोष हारमे, महेन्द्र जुरेशिया सहित अन्य ग्रामीणों ने उन्हें बधाईयां दी है।

## सार समाचार

### कराते खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में दिखाया दम

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कराते स्पर्धा दुर्ग में 6 एवं 7 दिसंबर को महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 भिलाई में आयोजित की गई। जिसमें



लगभग 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में कमल कराते अकादमी कराते स्कूल ममता नगर राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग व किग्रा में पदक हासिल किया। काजल यादव कांता में कांस्य पदक, आदित्य राज देवांगन कांता में कांस्य पदक, कुमीते में स्वर्ण पदक, लव्यांश लहरी कुमीते में रजत पदक व कांता में स्वर्ण पदक हासिल किया। उपरोक्त खिलाड़ी सेंसेई कमल पूजन से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



### रीजन चेयरमैन शर्मा सम्मानित

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज राजनांदगांव द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल के रीजन चेयरमैन राजकुमार शर्मा को सपत्नीक संस्था के सदस्यों द्वारा शाल, श्रीफल, गीता पुस्तक प्रदान कर सम्मनित किया गया। यह जानकारी प्रकाश सांखला ने दी।

### अजय को जनहित मोर्चा ने दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** अजय सिंह परिहार के निधन पर जनहित मोर्चा ने बूढ़ासागर स्थित कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू ने कहा कि श्री परिहार जनहित के लिए सदैव संघर्षरत रहे हैं। वे समाज के कार्यों में भी सदैव आगे रहे हैं। दादाजी ग्रुप के माध्यम से उन्होंने गरीबों तथा यात्रियों को प्रतिदिन रात्रि के वक्त भोजन उपलब्ध कराते रहे हैं। कोरोना के समय भी उनकी यह सेवा जारी रहा। अंत में सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से श्री परिहार की आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने तथा इस दुखत की घड़ी को परिवारजनों को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोहबा में वार्ड क्रमांक 11 शीतला मंदिर मार्ग में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

## पृष्ठ 09 का शेष

### हाईवे में कार-पिकअप...

हुए गुजर रही छोटा हाथी पिकअप वाहन से जा भिड़ी। बताया गया कि इस घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं मोपेड सवार बुजुर्ग, कार में सवार एक व्यक्ति एवं पिकअप का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय भिजवाया गया। इधर इस भीषण दुर्घटना को देख आसपास के लोग सकते में आ गए थे। बताया गया कि उक्त क्षेत्र में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। जिससे यहां से आवागमन करने वालों में भय का वातावरण बना रहता है।

## निजी एम्बुलेंस पार्किंग करने को लेकर गहराया विवाद, कर्मचारियों में रोष

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गार्ड के साथ मारपीट, कर्मियों ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुरक्षा गार्ड के साथ प्राइवेट एम्बुलेंस संचालक और अन्य लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस मारपीट में घायल गार्ड के साथ बड़ी संख्या में अन्य कर्मचारियों ने लालबाग थाना पहुंचकर घेराव किया और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाते कड़ी कार्रवाई करने मांग की।

लंबे समय से पेंड्री स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में निजी एम्बुलेंस संचालकों द्वारा कमीशन के चक्कर में यहां के मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में ले जाने का कार्य किया जाता। जिसको लेकर अस्पताल परिसर में निजी एम्बुलेंस खड़ी करना प्रतिबंधित किया गया है। इसके बावजूद एम्बुलेंस चालक और प्राइवेट अस्पताल के पीआरओ यहां सक्रिय नजर आते हैं। आज दोपहर भी यहां पर एक प्राईवेट एम्बुलेंस को हटाने के मामले में विवाद बढ़ा और आरोपी द्वारा कैजुअल्टी गेट पर ड्यूटी में तैनात इस सुरक्षा कर्मचारियों से मारपीट की गई।



### कर्मचारियों को देते हैं धमकी

लालबाग थाना का घेराव करने पहुंचे मेटास कंपनी के कर्मचारियों ने कहा कि इससे पहले भी इसी तरह के मामले में कर्मचारियों को धमकी-चमकी दी गई है। प्राइवेट एम्बुलेंस के चालक और मालिक कर्मचारियों को बाहर रोड पर देख लेने की धमकी देते हैं। पहले भी लालबाग थाना में मामले की शिकायत की जा चुकी है, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### दो कर्मचारी घायल

आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लालबाग थाना पहुंचे मेटास कंपनी के सुपरवाइजर पवन साहू ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में प्राइवेट एम्बुलेंस को खड़ी करना वर्जित है। जिसको लेकर आज गार्ड ने कहा कि एम्बुलेंस परिसर से बाहर खड़ी करो, जब पेशेंट लाना ले जाना हो, तब आना। इसके बाद एम्बुलेंस चालक ने अपने कुछ अन्य साथियों को बुलाकर मारपीट की। उन्होंने बताया कि सुरक्षा में तैनात दो कर्मचारियों के साथ एम्बुलेंस मालिक पप्पू मेश्राम ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मारपीट की है। जिससे दोनों कर्मचारी घायल हुए हैं।

### उपमुख्यमंत्री को पेंशनरों ने सौंपा आवेदन

**राजनांदगांव।** उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने राजनांदगांव आगमन पर छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेंशनर्स संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उनसे सर्किट हाउस में बुके भेंट कर स्वागत किया। साथ ही राज्य के नगरीय निकाय पेंशनरों की काफी समय से लंबित मांगों के संबंध में आवेदन सौंपकर उनको पेंशनरों में व्याप्त असंतोष से अवगत कराया गया। मंत्री को दिए गए आवेदन में नगरीय निकाय पेंशनरों को प्रतिमाह पेंशन के भुगतान में होने वाले विलंब, अतिरिक्त महंगाई राहत की स्वीकृति, पेंशनरों को सेवानिवृत्ति के उपरांत देय राशि के भुगतान में विलंब तथा अनुकंपा नियुक्ति आदि विषय शामिल हैं। मंत्री ने प्रांताध्यक्ष की बातों को सुनने के पश्चात उनकी मांगों को शीघ्र स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। प्रांताध्यक्ष डॉ. डीसी जैन एवं पेंशनरों ने मंत्री अरूण साव के प्रति आभार व्यक्त करते धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान दुर्गाराम, अजय, राजेश, मन्नुलाल, भागीरथी साहू, बाबूलाल साहू, पंचराम आदि शामिल रहे।

# ट्रेड लाइसेंस के नियमों पर पुनर्विचार करें सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता और बढ़े हुए नए शुल्क के विरोध में चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश सरकार से इस पर पुनर्विचार करने मांग की गई है।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि हाल ही में नगर निगम स्तर पर व्यापारी वर्ग पर ट्रेड लाइसेंस को अनिवार्य करने तथा क्षेत्रफल के आधार पर नए शुल्क लागू किए जाने के संकेत मिले हैं। जिससे संपूर्ण व्यापारिक वर्ग में असंतोष और चिंता व्याप्त है। इन परिस्थितियों में नए ट्रेड लाइसेंस शुल्क, दुकान के क्षेत्रफल पर आधारित अतिरिक्त शुल्क एवं अन्य प्रस्तावित शुल्क से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ पड़ेगा। व्यापारी पहले से ही जीएसटी, आयकर, व्यवसाय पंजीयन, फायर एनडीसी, नगर निगम टैक्स, स्वच्छता शुल्क, विज्ञापन शुल्क, ट्रेड व अन्य लाइसेंस शुल्क जैसे कई भुगतान नियमित रूप से करते आ रहे हैं। ऐसे समय में नया ट्रेंड लाइसेंस सिस्टम लागू करना व्यापार-विरोधी एवं आर्थिक दृष्टि से अनुचित है।



### चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने की मांग

चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा मांग की गई है कि नगर निगम क्षेत्र में ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता से संबंधित प्रस्तावित नियमों को तत्काल चिंतन करते पुनर्विचार किया जाए, कोई भी नया शुल्क, लाईसेंस, कर लागू करने से पूर्व व्यापारियों के साथ विस्तृत चर्चा करते विश्वास में लिया जाए।

### प्रस्तावित नीति लेकर व्यापारियों में चिंता

ट्रेड लाइसेंस को लेकर व्यापारी संगठनों, प्रमुख व्यवसायियों और चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने इस प्रस्तावित नीति को लेकर चिंता जताई है। बड़ी संख्या में व्यापारी इस नई नीति को लेकर प्रदेश सरकार से इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। जिसमें सभी व्यापारियों को टैक्स देना होगा। इसमें दो मापदंड रखा गया है। जिसमें सड़क की साढ़े 7 मीटर से अधिक और कम चौड़ाई को लेकर दुकान क्षेत्रफल के हिसाब से टैक्स देना होगा। उन्होंने कहा कि पहले ही व्यापारियों द्वारा निगम में चार-पांच प्रकार का टैक्स दिया जा रहा है। उन्होंने मांग करते कहा कि सरकार इस पर चिंता करे और पुनर्विचार करे।




## हरिभूमि

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण** – 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु़ुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण** – 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025



## कोचियों से सांठगाठ, खाद्य निरीक्षक मिश्रा सस्पेंड

### लापरवाही पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की संचालक ने डोंगरगढ़ खाद्य निरीक्षक रहे सिद्धांत मिश्रा को सस्पेंड कर दिया है। उनके खिलाफ सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने के चलते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के तहत एक्शन लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही जिला कलेक्टर जितेंद्र यादव ने उनको डोंगरगढ़ खाद्य निरीक्षक के पद से हटाया था। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार श्री मिश्रा के खिलाफ कोचियों से सांठगांठ होने के प्रमाण प्रशासन को मिले थे। यही कारण है कि पहले जिला प्रशासन और अब प्रदेश स्तर से उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

गौरतलब है कि कलेक्टर जितेन्द्र यादव धान खरीदी में पारदर्शिता बरतने सख्त निर्देश दिए हैं। जिसके तहत लगातार जिले की सोसायटियों में जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है।

### छूटे खसरों को जोड़ने 15 तक लगेंगे शिविर

**मोहला।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत कृषकों के ऐसे खसरे जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत थे, वह कैरी फारवर्ड हो गए हैं, परंतु वह समस्त खसरे एग्रीस्टेक में फार्मर आईडी के साथ लिंक नहीं है। किसानों को धान विक्रय में सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने छूटे हुए खसरे को एग्रीस्टेक पोर्टल में यूएफआर के माध्यम से जोड़ा जाना तय किया है, ताकि समिति स्तर पर सभी खसरे धान खरीदी हेतु उपलब्ध हो सके। जिले में लंबित खसरों की संख्या 5 हजार 617 है।

# 3 जिलों में 26 हजार मृतक, 5599 वोटरों का दो विधानसभा में था नाम

### अब 18 दिसंबर तक गणना प्रपत्र जमा करने की अवधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के दर्जनभर राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया की अवधि प्रदेश में सात दिनों के लिए और बढ़ा दी गई है। हालांकि अविभाजित जिले की सभी छह विधानसभा में सौ फीसदी लोगों के डाटा डिजीटलाईजड किए जा चुके हैं। इनमें तीन जिलों में जहां 26 हजार मतदाता मृत पाए गए। वहीं 5599 मतदाताओं के नाम एक से अधिक विधानसभा में भी मिले। वहीं तीन जिलों में कुल 90 हजार मतदाताओं ने फार्म जमा नहीं किए। इनमें मृत मतदाता भी शामिल है। ऐसे में बीएलओ स्तर के अधिकारियों ने इन मतदाताओं के डिजीटल डाटा में रिमार्क कर अपना काम पूरा कर लिया है।

हालांकि निर्वाचन आयोग की तरफ से प्रदेश के लिए आगामी 18 दिसंबर तक के लिए गणना प्रपत्र जमा करने की अवधि में इजाफा कर दिया गया है। इस अवधि में इजाफा किए जाने के चलते प्रारंभिक सूची के प्रकाशन की भी तारीख बदल गई है। अब 23 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। जिसके बाद ही दावा-आपत्ति एवं उनके निराकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। ज्ञात हो कि जिले में पिछले चार नवंबर से गणना प्रपत्र जमा करने का कार्य किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जिले के सभी 840 बूथ में एक-एक बीएलओ के अलावा पटवारियों, मितानिनों व समूह की महिलाओं के रूप में अब लगभग ढाई सौ अतिरिक्त मानव संसाधन को इसमें सहायता के लिए लगाया गया है।

**खास बातें**

- फार्म नहीं जमा करने वाले वोटर का कट जाएगा मतदाता सूची से नाम
- तीनों जिलों में डाटा डिजीटल करने का काम हो गया पूरा



**43240 मतदाता शिफ्ट**

तीन जिलों में कुल 43240 मतदाता दूसरे विस में शिफ्ट हो गए हैं। इनमें राजनांदगांव जिले के 27612, केसीजी जिले के 7741 और एमएमसी जिले के 7887 वोटर्स शामिल हैं। वहीं नांदगांव जिले में 11574, केसीजी जिले में 1304 और एमएमसी जिले में 1947 मतदाता घर पर नहीं मिले या उनका अस्तित्व ही नहीं मिला। जिसके चलते बीएलओ ने इन मतदाताओं के डाटा में अनुपस्थित एंट्री दर्ज कर डाटा डिजीटलाईजड कर दिया है।

### तीनों जिलों में काम पूरा

एसआईआर के तहत मतदाताओं से गणना प्रपत्र जमा कराने का काम अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिलो में शत-प्रतिशत कर लिया गया है। राजनांदगांव जिले में कुल मतदाता की संख्या 835910 थी। एमएमसी जिले में 174001 और केसीजी जिले में 226743 मतदाता थे। इनमें राजनांदगांव जिले में 57724, एमएमसी जिले में 14937 और केसीजी जिले में 17619 मतदाताओं के फार्म जमा नहीं हुए हैं। शेष सभी के फार्म बीएलओ तक पहुंच चुके हैं।

### 23 को आएगी सूची

निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाते आगामी 18 दिसंबर तक कर दिया गया है। नए कार्यक्रम के मुताबिक 23 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 23 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सुनवाई और सत्यापन की प्रक्रिया सात फरवरी तक पूरी की जाएगी। इसके बाद आगामी 14 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### आत्मसमर्पण के बाद डंप जब्त होने से पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**लमरा में पुलिस की दबिश**

# जंगल में मिला नक्सली डंप, वर्दी रायफल व विस्फोटक का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पुलिस बल द्वारा चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत लमरा के जंगल में दो स्थानों पर नक्सली डंप मिली है। जिसमें रायफल सहित कई सामग्रियां बरामद की गई है।

ज्ञात हो कि जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस को गत दिवस बड़ी सफलता मिली थी। जिसमें एमएमसी जोन सीसी मेंबर रामधेर सहित 12 ईनामी नक्सलियों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष हथियार सहित आत्मसमर्पण कर दिया था। बताया गया कि पुलिस का नक्सल उन्मूलन अभियान और भी तेज कर दिया है।

जिसके तहत लमरा जंगल में दो स्थानों से भारी मात्रा में नक्सली डंप सामग्री बरामद की गई है।



पुलिस के अनुसार नक्सलियों के डंप में इंसास एलएमजी रायफल-1 नग, 303 रायफल-2 नग (58 जिंदा राउंड), 12 बोर गन-1 नग (25 राउंड), बीजीएल-1 नग ( 5 सेल में 4 जिंदा एवं 1 खाली), वर्दी कपड़े-2 सेट, पोच-2 नग, पिट्ठू-2 नग, तिरपाल, मेडिकल सामग्री, नक्सली सहित्य एवं अन्य सामग्रियां बरामद की गई है।

### डंप में छिपाकर रखे थे सामान

बताया गया कि पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर उनके द्वारा थाना बकरकट्टा अंतर्गत लमरा जंगल में दो स्थानों पर नक्सलियों द्वारा डंप छुपाकर रखने की जानकारी दी गई थी। सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने तत्काल सघन तलाशी अभियान चलाया और दो अलग-अलग स्थानों में मिट्टी के नीचे छुपाकर रखे नक्सलियों की भारी डंप में हथियारों, विस्फोटकों और दैनिक उपयोग की सामग्रियों का बड़ा जखीरा बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है।

### आत्मसमर्पण के बाद अभियान तेज

पुलिस के अनुसार राजनांदगांव रेंज में नक्सलियों के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे व्यापक और सघन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को एक और महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। 8 दिसंबर को एमएमसी जोन के एक करोड़ पांच लाख रुपए के ईनामी नक्सली सीसी मेंबर रामधेर समेत 12 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया था।

**हरिभूमि**

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्धोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु◌ुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## हाईवे में कार-पिकअप में भिडंत

**राजनांदगांव।** शहर के नेशनल हाईवे रामदरबार के पास बुधवार को दोपहर एक मोपेड सवार कार के सामने आ गई, जिसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर पास से गुजर रही पिकअप से जा टकराई। इस भयंकर हादसे में तीन लोगों के घायल होने की खबर है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार दोपहर एक कार रामदरबार चौक के पास फ्लाई ओवर से उतर रही थी। इसी दौरान एक मोपेड सवार सामने आ गया, जिसे ठोकर मारने के बाद कार अनियंत्रित हो गई और गोल घुमते ⏩ शेष पेज 12 पर

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा
स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बाझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर
ऑन लाइन स्पेशल ₹699 एवं उससे अधिक वाली
सुपर सॉफ्ट क्वालिटी
डबलबेड बेडशीट
₹449 में
2 बेडशीट + 4 पिलो कव्हर
2 डबल बेडशीट सेट की कीमत मात्र ₹449 में
ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
लोहारा रोड, कवर्धा
*condition apply



**खबर संक्षेप**

## ग्राम पंचायत भवन अत्यंत जर्जर व बदहाल, नए भवन की मांग

**हरिभूमि बरबसपुर।** बरबसपुर ग्राम पंचायत का पुराना भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। दीवारों में दरारें, प्लास्टर झड़ने और बरसात में छत टपकने से भवन उपयोग लायक नहीं बचा है। इसी कारण पंचायत की बैठकें अब सतनामीपारा के सामुदायिक भवन में आयोजित की जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे सामुदायिक भवन का समाजहित के कार्यक्रमों में उपयोग प्रभावित हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द नया पंचायत भवन बनाया जाए, ताकि पंचायत कार्य सुचारू रूप से चल सके और सामुदायिक भवन का लाभ ग्रामीणों को मिल सके।

# एग्रीस्टेक पंजीयन प्रकिया बंद कर पूर्ववर्ती नियमों से धान खरीदी करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

- धान रकबा सुधार के लिए आज भी हजारो किसान भटक रहे है : किसान कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी कर किसानों को खुशहाल करने का कार्य किया जाता रहा है। लेकिन इस वर्ष किसानों की खुशियो को मानो ग्रहण काल लग गया हो, किसान इस बार धान बेचने के नए-नए नियमों से परेशान हो रहे है, आज भी हजारो किसान अपने धान पंजीयन को ठीक कराने के लिए तहसील कार्यालय, पटवारी कार्यालय सहित धान उपार्जन केंद्रों के चक्कर काट रहे है। जिनके परेशानियों को दूर करने के लिए आज किसान कांग्रेस द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया।

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने बताया कि एग्रीस्टेक पंजीयन प्रणाली से किसानों को काफी दिक्ककतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण आज भी हजारो किसान धान बेचने से वंचित है। पट्टाधारक किसानों का रकबा शुन्य दिखाई दें रहा है साथ राज्य सरकार द्वारा प्रबंधको के मध्यम से हेमाली के लिए राशि जारी करने की बाद भी किसानों से अवैध वसूली की जा रही हैं जिनको लेकर गुरूवार कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया और मांग कर सारे नियमों को शिथिल कर किसानों को राहत देने की मांग की गई। साथ ही यह चेतावनी दी गई है यदि आने वाले दिनों में किसानों की परेशानियां खत्म नहीं हुई तो पूरे जिले में वृहद् स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि चन्द्रवंशी, अतुल बरगाह, गोपाल चन्द्रवंशी, सुभाष गिरी, शिवेंद्र वर्मा, लेखराम पंचेश्वर, प्रकाश पटेल, कृष्ण बंजारे, रमेश साहू, हेमलाल साहू, नरेंद्र ध्रुर्वे, दीक्षित वैष्णव, रोहित चन्द्रवंशी, शालिनी लहरे, शारदा सोनवानी, राजकुमारी बर्मन, रमेश देवांगन, बीरेन्द्र चंद्राकर, चेतन वर्मा, गोविंद वैष्णव, संतोष साहू, रामदास पटेल, जलेश बघेल, बिसौहा मेरावी, जलेश ध्रुर्वे, पीतांबर चंद्राकर, बीरेन्द्र चंद्राकर, भरत, परदेशी, दुर्पत सिंह, सुरेश भरत साहू, मोहन सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण किसान व कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### क्षेत्र के कर्मचारी व किसान परेशानः रवि चंद्रवंशी



रवि चंद्रवंशी ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आज किसान यदि परेशान है तो इसका कारण सिर्फ और सिर्फ वर्तमान भाजपा सरकार है, जिनके द्वारा बिना जमीनी जानकारी के एसी कमरो में बैठकर नियम कानून बना दिया जाता है, जिसके क्रियान्वयन में निचले स्तर के कर्मचारी और किसान परेशान दिखाई देते है।

**सौगात : क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग पर विधायक भावना ने किया भूमिपूजन**

# गुंझेटा में विकास कार्यों के लिए 43.43 लाख रुपए की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद केवल पंडरिया ही नहीं अपितु प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्य हो रहा है। जिस पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम पंचायत गुंझेटा में 43.43 लाख रुपए की विकास कार्य हेतु की भूमिपूजन किया। वहीं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्रीमती भावना बोहरा विधायक बनने के बाद पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के वनांचल ग्रामों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास कार्य तीव्र गति से हो रहा है, वर्तमान में विधायक श्रीमती बोहरा के पहल एवं अनुशंसा से हाल ही में प्रधानमंत्री सड़क योजनांतर्गत 57 किलो मीटर की लम्बाई से भी अधिक 27 सड़कों की निर्माण के हेतु 55 करोड़ 23 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। इसी कड़ी में एक और कड़ी जोड़ते हुए गुरुवार को विधायक भावना बोहरा ने तहसील कुण्डा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुंझेटा में क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग गुंझेटा के ग्राम कुण्डा-महली मुख्यमार्ग से कोसली खुर्द तक पहुंच मार्ग की मांग को पूरा करते हुए 43.43 लाख रुपए की सौगात देते हुए कार्य स्थल की भूमिपूजन की किया। उक्त कार्यक्रम में बालमुकुंद चंद्रवंशी, प्रदीप गोस्वामी, महेंद्र धृतलहरे, नंदनी साहू, दिनेश मिश्रा, रामकुमार चंद्राकर, हरेकृष्णा शुक्ला, मनहरण साहू, कृष्ण चंद्राकर, अमन खनूजा, जेठू निर्मलकर, पुरुषोत्तम निर्मलकर, नरेंद्र निर्मलकर, अंबिका सोनवानी, नीलेश गुप्ता, गणेश सोलंकी, राजू श्रीवास्तव, अमित चंद्रवंशी, सूरज यादव, शशांक शर्मा, सुखचंद भास्कर, देवेंद्र चंद्रवंशी, संगीता निर्मलकर, रामफल यादव, राधे निर्मलकर, मनीष ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित थें।

### मार्ग बनने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में मिलेगी सुविधा



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गुंझेटा से कोसली खुर्द तक मार्ग की निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बताया जाता है कि बरसात के मौसम में कीचड़ से सरोवर इस मार्ग में पैदल चलना होता जाता था, इसी मार्ग से शिक्षा अर्जित करने में बच्चे कुण्डा एवं महली जाते हैं, लेकिन कीचड़ के चलते बच्चे फिसलकर चोंटिल हो जाते थे और समय में शाला जाने से वंचित रह जाते थे। वहीं इस मार्ग के बनने से कृषकों ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों को आगमन करने में सुविधा होगी।

# स्वामी निश्चलानंद सरस्वती रायपुर प्रवास पर 14 दिसम्बर से

- विभिन्न जिले के पीठपरिषद आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी के सभी सदस्य एवं पदाधिकारीगण सक्रिय रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

हिंदू राष्ट्र प्रेरता तथा सनातन धर्म के सर्वोच्च सर्वमान्य एवं सार्वभौम धर्मगुरु ऋग्वेदीय पूर्वम्नाय गोवर्द्धन पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमज्जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाभाग का हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत 14 से 30 दिसम्बर 2025 तक रायपुर श्री शंकराचार्य आश्रम श्री सुदर्शन संस्थानम में मंगलमय प्रवास होने जा रहा है।



आदित्यवाहिनी के जिला अध्यक्ष आशीष दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 14 फरवरी को पूज्यपाद का रेलवे स्टेशन में शुभागमन सुबह 9:30 बजे होगा, जहां उनका सनातन परंपरा के साथ स्वागत करते हुए उन्हें अभिनंदनपूर्वक रावाभाठा स्थित आश्रम श्री सुदर्शन संस्थानम लाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 14 से 30 दिसम्बर तक आश्रम में सुबह 11:30 बजे दर्शन, दीक्षा एवं गोष्ठी और सांय काल 5 बजे दर्शन एवं संगोष्ठी का मंगलमय आयोजन होगा। जहां पूज्यपाद श्रीमज्जगतगुरु शंकराचार्य महाभाग के मुखारविंद से एवं उनकी अमृतमयी वाणी में धार्मिक, आध्यात्मिक एवं राष्ट्रभक्ति पर आधारित धर्मोपदेश श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा एवं सीधे अपने जिज्ञासा के माध्यम से पूज्यपाद से संवाद का शुभावसर भी प्राप्त होगा। वहीं आदित्यवाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने बताया की व्यापक तैयारियां की जा रही है तथा संपूर्ण जिलो में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, उल्लेखनीय है कि वर्ष के 365 दिनों में लगभग 280 दिनों तक भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दू राष्ट्र को लेकर धार्मिक सभाएं करते आ रहे हैं। जिसके अंतर्गत पूरीपीठाधीश्वर का रायपुर में 14 दिसम्बर को शुभागमन हो रहा है। रायपुर आगमन को लेकर सनातन धर्मवलंबियों में अत्यंत उत्साह का वातावरण है तथा वे उनके दर्शन, दीक्षा, पादुका पूजन एवं धर्मोपदेश के माध्यम से ज्ञान अर्जन करने के लिए प्रतीक्षारत हैं। इस संपूर्ण कार्यक्रम की तैयारी हेतु कवर्धा जिला के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले के पीठपरिषद आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी के सभी सदस्य एवं पदाधिकारीगण सक्रिय रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। आदित्यवाहिनी ने समस्त सनातन धर्मावलंबियों से अपील की है कि वे अपने लौकिक और पारलौकिक उत्कर्ष के लिए अपने इष्ट मित्रों सहित सपरिवार अवश्य सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

# भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना ने 17.51 करोड़ रुपए का भुगतान किया



- एफआरपी दर पर राशि सीधे बैंक खाते में अंतरित पेराई सत्र 2025-26 में उत्पादन ने पकड़ी रफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कवर्धा ने पेराई सत्र 2025-26 के दौरान गन्ना किसानों को अब तक कुल 17.51 करोड़ रुपए का गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। यह भुगतान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश व कलेक्टर गोपाल वर्मा के सतत मार्गदर्शन में समय पर सुनिश्चित किया गया है। कारखाना प्रबंधन के अनुसार 03 दिसंबर 2025 को निर्धारित एफआरपी 329.05 प्रति क्विंटल में से प्रथम चरण में 200 प्रति क्विंटल की दर से 30 नवंबर 2025 तक गन्ना बेचने वाले 2596 किसानों को 6.53 करोड़ का भुगतान किया गया था।

शेष राशि 129.05 प्रति क्विंटल का भुगतान भी 11 दिसंबर 2025 को कर दिया गया है। इसके अलावा कारखाना द्वारा 07 दिसंबर 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले 1966 किसानों को भी संपूर्ण राशि उनके बैंक खातों में जमा कर दी गई है। इस प्रकार कारखाना प्रबंधन ने आज दिनांक तक कुल 17.51 करोड़ रुपए का भुगतान एफआरपी दर पर किसानों के खातों में अंतरित कर दिया है, जिससे क्षेत्र के गन्ना किसानों में खुशी का माहौल है। कारखाना के प्रबंध संचालक जीएस शर्मा ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में अब तक 62,020 मी. टन गन्ने की पेराई और 58,800 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया जा चुका है। यह उपलब्धि गन्ना उत्पादक किसानों के सहयोग और कारखाना प्रबंधन के कुशल संचालन का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि कारखाना क्षेत्र के किसानों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य शासन की गन्ना नीति के अनुसार समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक स्थिरता मिल रही है। कारखाना प्रबंधन ने गन्ना उत्पादकों से अपील की है कि वे कारखाने में परिपक्व, साफ-सुथरा, बिना अगवा और बिना जड़ वाला गन्ना ही आपूर्ति करें। इससे रिकवरी प्रतिशत बढ़ेगा और इसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा।

# जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा से ग्रामीणों को मिल रहा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जिले के 438 ग्राम पंचायतो में 4194 निर्माण कार्यों के द्वारा 29500 से अधिक पंजीकृत श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है। ग्रामीण अंचलों में रोजगार की मांग पर बड़ी मात्रा में नए निर्माण कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

तालाब गहरीकरण, अमृत सरोवर, आजीविका डबरी निर्माण, पशु शेड एवं नाला गाद निकासी सहित अनेक कार्यों में ग्रामीणों को रोजगार का अवसर गांव में ही मिल रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक दिवस 261 रुपए का मजदूरी भुगतान ग्रामीणों को प्राप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि बरसात खत्म होते ही जिले में मनरेगा योजना के कार्यों ने गति पकड़ते हुए लोगों को रोजगार मिलने लगा है। मनरेगा अंतर्गत अनेको निर्माण कार्यों हो रहे है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में हितग्राही को स्वयं का आवास बनाने के लिए 90 दिवस का रोजगार एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास निर्माण में 95 दिवस का रोजगार मिल रहा है। वर्तमान स्थिति में 369 प्रगतिरत आवास में 9684 हितग्राहियों को अपने पक्के आवास के निर्माण में रोजगार मिल रहा है।



### रोजगार उपलब्ध कराने जिला प्रदेश में अव्वलः कलेक्टर गोपाल वर्मा

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर लगातार नए कार्य खोले जा रहे हैं। वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक महात्मा गांधी नरेगा में कार्य हो रहा है। हितग्राही मूलक एवं समुदायिक मूलक कार्यों से ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं और सभी ग्राम पंचायतो के लिए पहले से ही पर्याप्त मात्रा में कार्यों की स्वीकृति दी जा चुकी है। प्रतिदिन रोजगार प्राप्त करने वाले ग्रामीणों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। कलेक्टर बताया कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत प्रदेश में सर्वाधिक मजदूरों को कार्य देने में कबीरधाम जिला वर्तमान स्थिति में प्रथम स्थान पर है। जिले के 471 ग्राम पंचायतो में से 438 ग्राम पंचायतो में कार्य चल रहे हैं और यह लगातार बढ़ रहा है। मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। निर्माण कार्यो की गुणवत्ता के लिए सतत निरीक्षण करने एवं समय पर मजदूरी भुगतान करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## मक्के में उल्लास नव भारत साक्षरता महा परीक्षा अभियान संपन्न




**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के संकुल केंद्र पथर्रा में विगत दिनों 7 दिसंबर को उल्लास नवभारत साक्षरता महा-परीक्षा अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, यह परीक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता को बढ़ावा देने तथा निरक्षर व्यक्तियों को मूलभूत शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन ने बताया कि महा अभियान के तहत गांव के विभिन्न मोहल्लों से दर्जनों शिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, शिक्षार्थियों में सीखने के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा अभियान न केवल शिक्षा प्रदान करने का माध्यम है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता और आत्मनिर्भरता का संदेश भी देता है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रभारी प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूरराम चन्द्रवंशी, शिक्षक श्रीमती भानुपिया साहू, स्वयं सेवी शिक्षिका आशा साहू, रवीना साहू, देवकुमारी साहू, महारानी साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने सर्वप्रथम शिक्षार्थियों का पुष्प एवं तिलक के साथ स्वागत कर उन्हें परीक्षा हेतु प्रोत्साहित किया, तत्पश्चात निर्धारित समय पर परीक्षा का शुभारंभ किया गया। परीक्षा केंद्र में शिक्षकों एवं सहयोगियों द्वारा सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी, जिसे शिक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो परीक्षा के दौरान अनुशासन शांति और सकारात्मक वातावरण बना रहा, शिक्षकों ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और आगे भी ऐसी पहल निरंतर जारी रहेगी स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि साक्षरता अभियान से गांव के लोगों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।




**ग्रामीण 35 वर्षों से बुनियादी सुविधा के लाभ से वंचित, आने जाने में असुविधा**

# कच्ची सड़क से उठने वाली धूल-गुब्बारे से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी से बरबसपुर, डबराभाट से बरबसपुर, दौजरी से डबराभाट, नाऊडीह से घुकसा, नाऊडीह से बीजाझोरी, सारंगपुर खुर्द से बाझीमौहा और सारंगपुर खुर्द से जमुनिया तक पहुंच मार्ग कच्ची होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र के ग्रामीण रहवासी 35 वर्षो से बुनियादी सुविधा लाभ से वंचित नजर आ रहे है। जिस पर लोगों को आने-जाने में भारी असुविधा व दिक्कते उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक पंचायत से दूसरे पंचायत तक पहुंच मार्ग के लिए सड़कों का जाल बिछाया गया लेकिन पक्की सड़क के अभाव में कच्ची सड़कों से उठने वाली धूल-गुब्बारों से आवागमन बाधित व राहगीरों को खासी परेशानियां उठानी पड़ रही है। वहीं 35 वर्ष बाद भी आज पर्यंत तक ग्रामीणों को पक्की सड़क बुनियादी सुविधा नहीं मिल है। जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीण जन कच्ची व जर्जर सड़क की दुर्दशा पर आंसु बहा रही है। वहीं कच्ची मार्ग में आवागमन करने वाले ग्रामीणो व राहगीरों को कच्ची सड़क से उठने से धूल-गुब्बारे व छोटे-छोटे मिट्टी के कंकड़ पत्थर टुकडे उड़ने से लोगों के सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है।



### आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जनों कि नव-निर्माण सड़क की मांग

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इस कच्ची मार्ग की दुर्दशा व सुधार तथा मरम्मत कार्य नही होने कारण आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने पूर्व की कांग्रेस सरकार तथा वर्तमान भाजपा सरकार को कोस रहे है। 35 वर्षो से लेकर आज पर्यंत तक क्षेत्र के ग्रामीण जन पक्की पीएम सड़क की इंतजार कर रहे हैं। लेकिन न तो भाजपा की सरकार ध्यान दे रहे है। जिस पर ग्रामीणो ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से अपील कर जल्द से जल्द पक्की सड़क नव-निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीण जनों को आवागमन करने में राहत व सुविधा मिल सकें।

## खबर संक्षेप



### सांसद ने केन्द्रीय मंत्री का जताया आभार

**कवर्धा।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय के प्रयास व अनुशंसा से कबीरधाम जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कुल 48 सड़क एवं प्रधानमंत्री जनमन अंतर्गत जिले में कुल 7 सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। जिले को बड़ी सौगात देने के लिए सांसद संतोष पांडेय ने दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में इन सड़कों के निर्माण से न सिर्फ लोगों की राह आसान होगी बल्कि ग्रामीण अंचलों में विकास के रास्ते भी खुलेंगे।

### अवैध धान पर कार्रवाई 415 बोरी धान जब्त



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में अवैध धान भंण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। आज बोड़ला तहसील अंतर्गत ग्राम राजानवागांव में राजस्व, मंडी, खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थोक व्यापारी अजय गुप्ता के दुकान से 375 बोरी (150 क्विंटल) एवं होरीलाल पटेल फुटकर व्यापारी के दुकान से 40 बोरी, कुल 415 बोरी लगभग 166 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया एवं मंडी अधिनियम के तहत जब्ती कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार बोड़ला सुश्री ऋतु श्रीवास, मंडी उपनिरीक्षक दुर्गेश्वरी धुर्वे, आकांक्षा टोप्पो, मंडी उपनिरीक्षक कमलेश्वरी उपस्थित थे।

# नहीं थम रहा नवागांव जमीन विवाद, अब कबीर पंथियों ने घेरा एसपी कार्यालय

## कबीर चबूतरा स्थल में तोड़फोड करने तथा कबीर साहेब का पोस्टर फाड़ने वालों की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत नवागांव में बुधवार को जमीन और उस पर कराए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों के बीच उपजा विवाद अब तूल पकड़ते जा रहा है।

मुख्य रूप से कबीर पंथियों और अन्य ग्रामीणों के बीच उपजे इस विवाद के बीच जहां बुधवार को ग्रामीणों ने कबीर पंथियों द्वारा गांव की शासकीय जमीन पर कराए जा रहे कबीर चबूतरा निर्माण का पुरजोर विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन व चक्काजाम किया था वहीं गुरूवार को कबीर पंथियों ने अन्य ग्रामीणों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जिला कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर दिया। गुरूवार को सैकड़ो की संख्या में जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे कबीर पंथियों ने आरोप लगाया है कि बुधवार को कुछ लोगों ने ग्राम नवागांव में उनके आस्था और धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ की है और कबीर साहब का पोस्टर फाड़ा है।

कबीरपंथियों इस कृत्य को अंजाम देने वालो के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करने और उन्हें गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी की। बताया जा है कि कबीर पंथियों का घेराव देरशाम तक जारी रहा और वे अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम नवागांव में स्थित शासकीय भू-खण्ड को लेकर कबीर पंथ के लोगों का दावा है कि उन्हें शासन ने इस भू-खण्ड का आबंटन कबीर चबूतरा निर्माण के लिए किया गया है। जहां कबीर पंथियों द्वारा कबीर चबूतरा निर्माण कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कबीरपंथियों द्वारा शासकीय जमीन पर बिना अनुमति चबूतरा निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण चाहते हैं इस शासकीय भू-खण्ड में स्कूल भवन का निर्माण किया जाए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच टकराव की स्थिति निर्मित हो गई है जो लगातार तूल पकड़ते जा रही है और मामला संवेदनशील बनता जा रहा है।




### कबीर पंथियों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

बताया जाता है कि बुधवार को ग्राम नवागांव में एक व्यक्ति द्वारा कबीर साहेब का पोस्टर फाड़े जाने का वीडियो वायरल होने के बाद से जिलेभर के कबीरपंथी आक्रोशित हो गए हैं और वे इस घटना के विरोध में उतर आए है। इसी को लेकर गुरूवार को जहां कबीर पंथियो ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया वहीं चेतावनी दी है कि अगर आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं की गई तो जिले सहित प्रदेशभर में कबीर पंथियों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**चोरी :** कुण्डा थाना में दर्ज कराई गई रिपोर्ट, आरोपियों का अब तक कोई सुराग नहीं


# महली के शिव मंदिर से शिवलिंग चोरी, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा/कोलेगांव

जिले के मंदिरों में लगातार हो रही चोरी, तोड़फोड़ जैसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। स्थिति ये है कि कुछ-कुछ अंतराल में जिले के विभिन्न ईलाकों से इस तरह की घटनाएं सामने आ रही है।

बीते कुछ महिनो की बात की जाए तो जिले के बोड़ला ब्लाक मुख्यालय, ग्राम सारंगगढ़, कामठी सहित अन्य ईलाकों में मंदिरों चोरी और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आ चुकी है। इसी कड़ी में ताजा मामला जिले के विकासखण्ड पंडरिया ग्राम महली से सामने आया है। जहां बुधवार-गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने स्थानीय शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग को गायब कर दिया।

इस घटना के सामने आने के बाद गांव में हड़कंप मचा हुआ है वहीं स्थानीय सनातनधर्मियों में भारी आक्रोश भी देखा जा रहा है। गुरूवार की सुबह ग्रामीणों को घटना की जानकारी होने पर उन्होने इसकी रपट कुण्डा थाना में दर्ज करा दी है। ग्रामीणों की सूचना पर कुण्डा पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज मौका मुआयना भी किया है लेकिन अभी तक इस कृत्य को अंजाम देने वालों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम महली में स्थित शिव मंदिर में स्थापित भगवान भोलेनाथ के शिव लिंग को अज्ञात चोरों ने बुधवार-गुरूवार की रात पार कर दिया। बताया जाता है कि गुरूवार की सुबह जब स्थानीय ग्रामीण रोज की तरह मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। मंदिर में जलहरी के ऊपर स्थापित शिव लिंग गायब था। जिसकी जानकारी तत्काल दूसरे ग्रामीणों को दी गई और शिवलिंग की आसपास खोजबीन की गई लेकिन शिवलिंग का कोई अतापता नहीं चला। बाद में ग्रामीणों ने इस घटना की रपट कुण्डा थाना में दर्ज कराई है जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है वहीं मामले की जांच भी शुरू कर दी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।



### घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

महली मंदिर से शिव लिंग चोरी होने की खबर से ग्रामीण में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले भी इसी तरह की एक और घटना हुई थी और आज मंदिर से शिवलिंग को गायब कर दिया गया। कुण्डा थाना प्रभारी विमल लवानिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने इस घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि यह केवल एक चोरी की घटना नहीं है, बल्कि लोगों की आस्था पर चोट करने का प्रयास है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और चोरी की गई मूर्तियों को बरामद किया जाए।।

### दान की राशि से किया गया था मंदिर का निर्माण

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15-20 साल पूर्व गांव के महामाया मंदिर में प्राप्त दान की रकम से यहां पानी टंकी के नीचे शिव मंदिर का निर्माण कराया गया था। जिसमें स्थानीय ग्रामीण प्रतिदिन पूजा अर्चना तथा जलाभिषेक किया करते थे। लेकिन बुधवार-गुरूवार की रात किसी ने ग्रामीणों की आस्था पर चोट पहुंचाते हुए मंदिर में इस बेहद निदनीय कृत्य को अंजाम देकर सनातन धर्मियों की आस्था को गहरी चोट पहुंचाई है।

# मेडिकल कॉलेज स्थापना से खुलेगा विकास का नया अध्याय: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

- कॉलेज के लिए 40 एकड़ भूमि आबंटित, 306 करोड़ से अधिक की राशि को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती देने और युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में मेडिकल कॉलेज कबीरधाम की स्थापना होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 12 दिसम्बर को अपने कवर्धा प्रवास के दौरान ग्राम घोटिया में मेडिकल कॉलेज की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूजित शिला का शिलान्यास एवं भूमिपूजन करेंगे। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से शासन द्वारा मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए ग्राम घोठिया में 40 एकड़ भूमि का आबंटन किया है। परियोजना के लिए 306 करोड़ रूपए से अधिक की मंजूरी प्रदान की गई है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर कितनी गंभीर और प्रतिबद्ध है। यह कॉलेज अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस होगा और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा।



### स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार

मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद कबीरधाम जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा। लोगों को आधुनिक, उन्नत और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी। गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अब दूरस्थ शहरों की ओर निर्भरता कम होगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं तक आसानी से पहुंच सुनिश्चित होगी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर यह महत्वपूर्ण परियोजना अल्प समय में स्वीकृत होकर अपने निर्माण चरण तक पहुँच गयी है। उन्होंने इस परियोजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज स्थापना से विकास का नया अध्याय खुलेगा। युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। जिले के लोगों को निर्माण से लेकर संचालन तक रोजगार के अनेक नए अवसर प्राप्त होंगे। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और जिले में कौशल विकास भी प्रोत्साहित होगा।

# जिले में बढ़ी ठिठुरन कोल्ड वेव का अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिले में इस सप्ताह ठंड ने अपना असर और तेज कर दिया है। उत्तर भारत से लगातार प्रवेश कर रही ठंडी हवाओं ने राज्यभर में तापमान को नीचे धकेल दिया है।

कवर्धा सहित जिले के वनांचल ईलाकों में इन दिनो कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने लगा है। स्वास्थ्य विभाग ने गिरते तापमान को देखते हुए नागरिकों को सुबह और शाम घर से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग ने सलाह दी है कि लोग गर्म कपड़ों का उपयोग बढ़ाएं और विशेषकर बुजुर्ग, बच्चे और बीमार लोग ठंड से बचाव के उपाय अपनाएं। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, सरगुजा, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, कबीरधाम, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर और बालोद जिलों में कोल्ड वेव की चेतावनी जारी की है। अनुमान है कि इन क्षेत्रों में रात का तापमान और नीचे जा सकता है।

कबीरधाम जिले में रातें ठंडी हो गई हैं। यहां न्यूनतम तापमान करीब 13-14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। वहीं जिले के चिल्फीघाटी, रेंगाखार, तरेगांव जंगल, दलदली सहित दूसरे वनांचल क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच रहा है। मौसम विज्ञानियों की माने तो आने वाले दिनो में ठंड और अधिक बढ़ सकती है जिससे लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। ठंड का सबअसे ज्यादा असर जिले के चिल्फीघाटी, रेंगाखार, तरेगांव जंगल, दलदली सहित दूसरे वनांचल क्षेत्रों में देखा जा रहा है और लोग यहां ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

# सेप्टिक टैंक से मिली 20 वर्षीय महिला की लाश एक माह से लापता थी बांधाटोला की विवाहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बांधाटोला से गुरूवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 20 वर्षीय विवाहिता का शव उसकी के घर के सेप्टिक टेंक से बरामद किया गया है।

ग्रामीणों की सूचना पर स.लोहारा पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है और अब मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स.लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बांधाटोला निवासी कामनी निषाद पति भोजराम निषाद आयु 20 वर्ष करीब एक माह से अपने घर से गायब थी। जिसकी गुमसुदगी परिजनो द्वारा सहसपुर लोहारा थाना में दर्ज कराई गई थी। लेकिन पुलिस की खोजबीन के बाद भी कामनी का कोई अतापता नहीं चला। इसी बीच गुरूवार को ग्रामीणों ने कामनी के घर के पीछे बने सेप्टिक टेंक से उठ रही मानव शव की बदबू को भांपते हुए इसकी जानकारी स.लोहारा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब सेप्टिक टेंक में देखा तो वहां से एक महिला का सड़ा गला शव बरामद किया गया। जिसकी पहचान कामनी निषाद पति भोजराम निषाद आयु 20 वर्ष निवासी ग्राम बांधाटोला के रूप में की गई। शव बरामदगी के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और अब पुलिस इस बात का पता लगाने में जुट गई है कि आखिर कामनी सेप्टिक टेंक तक कैसे पहुंची। पुलिस इस मामले को गंभीर रूप से संदेहास्पद मान रही है और इस संभावित हत्या, दुर्घटना या अन्य कारणों के एंगल से मामले की जांच कर रही है।



# स. लोहारा महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन



**स लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में दो दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव मे विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें 10 दिसम्बर को दौड़ प्रतियोगिता, वॉलीबॉल, स्लो साइकिल, गोला फेक, कबड्डी एवं रस्सी कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई इसी प्रकार 11 दिसम्बर को बैडमिंटन, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़, शतरंज, कैरम, कलश सजावट, फुगड़ी, रस्सी कूद, मेहंदी, छत्तीसगढ़ व्यंजन (पाक कला) जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा उन्हे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान प्रदान किया गया। इस कायक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन एवं समापन में महाविद्यालय की संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ केएस परिहार, संदीप कुमार सोनकर, समस्त प्राध्यापको एवं समस्त छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

**समिति अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित बैठक में 24 आवेदनों को सर्वसम्मति से मिली अनुशंसा**

# जिला स्तरीय गौधाम समिति की प्रथम बैठक में कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय गौधाम समिति के अध्यक्ष सुखचैन चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय गौधाम समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं एवं सह-सचिव जिला स्तरीय गौधाम समिति डॉ. एसके मिश्रा ने गौधाम योजना की रूपरेखा, क्रियान्वयन की प्रगति तथा अब तक अद्यतन की कार्यवाही की विस्तृत जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की।

बैठक के दौरान गौधाम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा निर्देशित कार्य योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर बल दिया गया। बैठक में विकासखंड स्तरीय समिति द्वारा चयनित और अनुशंसित आवेदनों को जिला स्तरीय समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। समिति ने सभी आवेदनों का परीक्षण कर कुल 24 आवेदनों को सर्वसम्मति से अनुशंसित किया। इनमें विकासखंड पंडरिया से 09 आवेदन, कवर्धा से 04 आवेदन, बोड़ला से 05 आवेदन, सहसपुर लोहारा से 06 आवेदन शामिल हैं। इन 24 आवेदनों को स्वीकृति के लिए छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग को प्रेषित करने के लिए पशुधन विकास विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में समिति सदस्य राजकुमार यादव, मनोज सिंह ठाकुर, परमानंद बख्शी, कन्हैया लाल वर्मा, नीलकंठ चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. आशीष देवांगन, सीएमओ पंडरिया अमिताभ शर्मा, पाण्डातराई अभिषेक सिंह, सहसपुर लोहारा तेजसिंह चंद्रवंशी, बोड़ला टीआर मंगेशकर, पिपरिया चंद्रशेखर गुप्ता तथा इंदौरी हितेंद्र कुमार तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




# जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया जिला अस्पताल का शैक्षणिक भ्रमण, ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बैगलेस डे एवं पीएम श्री गतिविधि के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला के विद्यार्थियों को शासकीय जिला अस्पताल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकों से आगे ले जाकर वास्तविक जीवन से जोड़ना, स्वास्थ्य सेवाओं की कार्य प्रणाली को समझना तथा जीवन कौशल आधारित शिक्षा से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अस्पताल के विभिन्न प्रमुख इकाइयों हेल्प डेस्क, ओपीडी, स्पेशलिस्ट ओपीडी, काउंसलिंग सेंटर, आपातकालीन वार्ड, मेडिकल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, पेडियाट्रिक वार्ड (बाल रोग), ब्लड बैंक, हमर लैब, आयुष विभाग तथा पैथोलॉजी विभाग का निकट से अवलोकन किया। विभागीय स्टाफ ने विद्यार्थियों को रोगियों की देखभाल, उपचार प्रक्रियाएं, चिकित्सा उपकरणों के उपयोग, आपातकालीन सेवाओं तथा अस्पताल संचालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। भ्रमण के दौरान अस्पताल की मेट्रन सुश्री कृष्णा वासनिक द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए मार्गदर्शन को विशेष रूप से सराहा गया। उन्होंने बच्चों को अस्पताल के विभिन्न विभागों की भूमिकाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की बारीकियों से अवगत कराया। विद्यालय के कला शिक्षक राजेश चौरसिया और योग शिक्षिका सुश्री ऋतु भी भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य एनके लांजेवार ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक आधारित ज्ञान से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना, गतिविधि-आधारित शिक्षा से जोड़ना तथा आनंदपूर्ण अधिगम को बढ़ावा देना है।




यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर कमलों से पूजित शिला का
माननीय मुख्यमंत्री
श्री विष्णुदेव साय द्वारा
चिकित्सा महाविद्यालय
कबीरधाम निर्माण स्थल पर
शिलान्यास कार्यक्रम
अभिनंदन
आभार
दिनांक -12 दिसम्बर 2025
स्थान : नवीन बस स्टैंड के पास
घोठिया कवर्धा,
समय - दोपहर 1:00 बजे
अब जिले के लोगो को मिलेगा सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएँ
विजय शर्मा
उप-मुख्यमंत्री । छत्तीसगढ़ शासन